" हम तो पूरी तरह होशो हवाश में ही हैं मिस्टर सत्यम सिंह। " सी.बी.आई. ऑफिसर ने कहा __" किन्तु आपके होशो हवाश ज़रूर कहीं खो गए से नज़र आने लगे हैं। रही बात आपकी कि आप कौन हैं और हम आपसे क्या कह रहे हैं तो इससे कोई फर्क़ नहीं पड़ता। क्योंकि हम कानून के नुमाइंदे हैं। हमारे लिए छोटे बड़े सब एक जैसे ही होते हैं। ख़ैर , हमने आपके शहर वाले मकान से भारी मात्रा में ग़ैर कानूनी ज़खीरा बरामद किया है। सारी जॉच

पड़ताल के बाद जब हमें ये पता चला कि वो सब आपकी संमत्ति है तो हम कोर्ट से स्पेशल वारंट लेकर आपको यहॉ गिरफ्तार करने चले आए। इस लिए अब आपके पास हमारे साथ चलने के सिवा दूसरा कोई चारा नहीं है। "

ऑफीसर की ये बात सुन कर एक बार फिर से सत्यम सिंह की हालत ख़राब हो गई। वो सोच भी नहीं सकता था कि उसके साथ ऐसा भी कभी हो सकता है। उसे तुरंत ही फैक्ट्री में लगी आग का वाक्या याद आया जब तहखाने से उसका ग़ैर कानूनी सामान गायब होने का पता चला था उसे। वो ये भी समझ गया था कि ये सब विक्रम ने ही किया था। सोनिया ने इस बात का अंदेशा भी व्यक्त किया था कि किसी ऐसे मौके पर वो ये सब कानून के हवाले कर सकता है जबकि हम कुछ भी करने की स्थिति में ही न रह जाएॅगे। मतलब साफ था कि सोनिया की कही बात आज सच हो गई थी। यानी विक्रम ने उस सारे सामान को उसके शहर वाले मकान में रखा और फिर इसकी सूचना सी.बी.आई. को दे दी और अब सी.बी.आई. वाले सत्यम सिंह के पास स्पेशल वारंट लेकर आ गए थे। सत्यम सिंह खुद भी सरकारी वकील रह चुका था इस लिए जानता था कि ऐसे मौके पर वह कुछ भी नहीं कर सकता था। कोई दूसरा जुर्म होता तो कदाचित वो कोई जुगाड़ लगा कर अपनी ज़मानत करवा भी लेता मगर यहॉ तो जुर्म ही संगीन था।

" किस सोच में डूब गए मिस्टर सत्यम सिंह ?" तभी उसे सोचो में गुम देख ऑफीसर ने कहा __" आप अपनी मर्ज़ी से हमारे साथ चलेंगे तो बेहतर होगा , वरना आप जानते है कि हमारे पास बहुत से तरीके हैं आपको यहॉ से ले चलने के लिए। "

" ऑफीसर। " सहसा सत्यम सिंह ने अजीब भाव से कहा __" ये सब झूॅठ हैं। हम ऐसा कोई काम नहीं करते जिसे कानून की नज़र में जुर्म कहा जाए। ये यकीनन किसी की साजिश है हमें फसाने की। हॉ ऑफीसर , ये साजिश ही है। काफी समय से हमारा शहर वाला मकान खाली पड़ा है इसलिए संभव है कि किसी ने ये सब गैर कानूनी चीज़ें वहॉ पर छुपा कर रखी रही होंगी। हमारा इस सबसे कीई लेना देना नहीं है। "

" सच और झूठ का फैसला तो अब अदालत ही करेगी मिस्टर सत्यम सिंह। " ऑफिसर ने कहा __" हमारा काम तो बस इतना है कि प्राप्त सबूतों के आधार पर आपको गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष खड़ा कर दें। इस लिए अब आपकी कोई दलील हमारे सामने चलने वाली है। "

अभी सत्यम सिंह कुछ कहने ही वाला था कि तभी अंदर से सोनिया और जयदीप आकर वहीं पर खड़े हो गए। दोनो के चेहरों पर हल्दी पुती हुई थी। मतलब साफ था कि यहॉ की सारी वार्तालाप उन दोनो ने सुन ली थी।

" ये सब क्या है डैड ?" जयदीप ने अंजान बनते हुए पूछा __" ये कौन लोग हैं और यहॉ किस लिए आए हैं ?"

" ये सब सी.बी.आई. से हैं बेटे। " सत्यम सिंह ने बुझे मन से कहा __" और ये हमे गिरफ्तार

करने आए हैं। इनका कहना है कि हमारे शहर वाले मकान से इन्होंने भारी मात्रा में चरस अफीम ड्रग्स आदि चीज़ें बरामद की हैं। "

" व्हाऽऽट ??" जयदीप ने चौंकते हुए कहा __" ये आप क्या कह रहे हैं डैड ? भला ऐसा कैसे हो सकता है ? हमारे शहर वाले मकान में वो सब चीज़ें कहॉ से आ गई ?"

" मैं तो पहले ही कहती थी कि तुम शहर वाले उस मकान को बेंच दो। " सोनिया ने जाने क्या सोच कर ये बात कही थी , बोली __" मगर मेरी सुनते कहॉ हो तुम ? अब देख लो इसका अंजाम। जाने कब से खाली पड़ा था वह। आज कल किसी का क्या भरोसा कि वो मकान के अंदर आकर क्या क्या खुराफात करने लग जाएॅ। "

" अरे तो भला हमें क्या पता था सोनिया कि ऐसा भी कोई कर सकता है ?" सत्यम सिंह ने सोनिया की चाल को बखूबी समझते हुए कहा __" अगर पता होता तो हम उस मकान की देख रेख के लिए कोई आदमी रख देते न। "

" किसने किया होगा ये सब ?" सोनिया ने कहा __" भला हमसे किसी की ऐसी क्या दुश्मनी हो सकती है जिसके तहत उसने हमारे साथ इतना बड़ा काण्ड कर दिया ?"

" मिस्टर सत्यम सिंह। " सहसा ऑफिसर ने हस्तक्षेप करते हुए कहा __" ये सब बातें आप बाद में सोचिएगा। इस वक्त आप हमारे साथ चलने का कस्ट करें प्लीज़। "

" अरे ऐसे कैसे ले जाएॅगे आप डैड को ?" सहसा जयदीप आवेशयुक्त भाव से बोल पड़ा __" मेरे डैड बिलकुल बेगुनाह हैं। आप इन्हें ऐसे कहीं नहीं ले जा सकते। ये तो हद ही हो गई कि करे कोई और भरे कोई और। "

" तुम शान्त हो जाओ बेटे। " सत्यम सिंह ने अपने कूढ़मगज बेटे की बातों पर मन ही मन कुढ़ते हुए बोला __" बात चाहे जो भी हो लेकिन हमें इनके साथ जाना ही पड़ेगा। ये सब कानून के रखवाले हैं। दूसरी बात इन्हें हमारे मकान से वो सब चीज़ें मिली हैं इस लिए पहली नज़र में हर कोई यही समझेगा और कहेगा कि वो सब चीज़ें हमारी हैं। यानी हम ग़ैर कानूनी धंधा भी करते हैं। दूसरा व्यक्ति ये नहीं सोचेगा कि कोई अन्य व्यक्ति ये सब चीज़ें हमारे मकान में रख कर हमें फॅसा भी सकता है। अतः मौजूदा हालात में हमें कानून का हर कहा मानना पड़ेगा और उसका साथ देना पड़ेगा। तुम फिक्र मत करो बेटे , ये हमें ले जाकर हमसे इस सबके बारे में पूॅछताछ करेंगे। इस सबके लिए हमें तभी सज़ा मिलेगी जब ये साबित हो जाएगा कि वो सब चीज़ें वास्तव में हमारी ही हैं या हम कोई ग़ैर कानूनी धंधा भी करते हैं। "

सत्यम सिंह की बात सुन कर जयदीप कुछ बोल न सका। सोनिया ने भी कुछ न कहा। कदाचित वो खुद भी सत्यम सिंह की इस बात से सहमत थी। दूसरी बात, वो तो जानती ही थी कि वो सब चीज़ें सच में सत्यम सिंह की ही हैं। इस लिए ये सब सोच कर और इसके अंजाम का सोच कर वो अंदर ही अंदर बुरी तरह घबराए भी जा रही थी। वो अच्छी तरह जानती थी कि ऐसे मामले में कानून की गिरफ्त से बचना असंभव नहीं तो नामुमकिन ज़रूर था।

इधर सत्यम सिंह के मन में भी यही सब चल रहा था। उसे भी एहसास था कि इससे बचना बहुत मुश्किल काम है। इस लिए वो कोई न कोई जुगाड़ लगाने भी सोच रहा था। मगर चूँकि उसके पुराने कानूनी कनेक्शन पहले ही खत्म हो चुके थे इस लिए वो कुछ कर पाने की हालत में नहीं था। दूसरी सबसे बड़ी बात ये थी कि उसे इस बात का एहसास हो चुका था कि अगर किसी तरह वो पुलिस कमिश्नर अथवा प्रदेश के मंत्री को अपने हक़ में कर भी ले तो तब भी बात अपने पक्ष में नहीं होनी थी। क्योंकि उसने देखा था कि उसके साथ घटी पिछली सभी घटनाओं में ऐसा हुआ था कि ऊपर से ही सख्त आदेश मिला था।

सत्यम सिंह के पसीने छूट रहे थे मगर उसके दिमाग़ में कोई बेहतर जुगाड़ आ नहीं रहा था। वक्त और हालात ने अचानक ही इस तरह से अपना रंग बदल लिया था कि उसको कुछ करने लायक छोंड़ा ही नहीं था। उसने कल्पना तक न की थी कि वो इतना बेबस व लाचार हो जाएगा और इतनी आसानी से कानून की चपेट में आ जाएगा।

" तो चलें मिस्टर सत्यम सिंह ?" सहसा ड्राइंग रूम में छाए सन्नाटे को भेदते हुए उस ऑफिसर ने कहा _" अगर आपको ये लगता है कि ये सब किसी ने आपको फँसाने के उद्देश्य से किया है और इस सबमें आपका कोई हाथ नहीं है तो फिक्र मत कीजिए। हम सच्चाई का पता लगा लेंगे। किन्तु उससे पहले आपको हमारे साथ चलना ही पड़ेगा और तहकीक़ात में हमारा सहयोग करना पड़ेगा। "

उस ऑफिसर के इतना कहते ही सत्यम सिंह ने गहरी सास ली और फिर सोफे से उठ खड़ा हुआ। इस वक्त उसके बदन पर नाइट ड्रेस ही था इस लिए उसने ऑफिसर से ड्रेस बदल लेने की परमीशन माँगी। ऑफिसर ने परमीशन दे दी। परमीशन मिलते ही सत्यम सिंह कमरे की तरफ बढ़ गया। उसके जाते ही ऑफिसर ने एक अन्य ऑफिसर की तरफ देख कर ऑखों से कुछ इशारा किया। ऑफिसर का इशारा समझ कर दूसरा ऑफिसर तुरंत ही सत्यम सिंह के पीछे कमरे की तरफ बढ़ गया। मतलब साफ था कि ऑफिसर को इस बात का अंदेशा था कि अंदर कमरे सत्यम सिंह कहीं फोन पर किसी से कोई बात वगैरा न करने लगे। जबकि मौजूदा हालात में ऐसा करना हर्गिज़ भी जायज़ बात न थी।

कुछ ही देर में ऑफिसर के साथ ही सत्यम सिंह कमरे से आता दिखाई दिया। उसके आते ही सभी लोग सोफों पर से उठे और सत्यम सिंह के साथ ही बाहर आ गए। जबकि पीछे बुत बने सत्यम सिंह की बीवी और बेटा खड़े रह गए थे। फिर जैसे सोनिया को होश आया। वो एकदम से तेज़ क़दमों के साथ बाहर की तरफ भागते हुए गई। जब वो बाहर आई तो उसने देखा कि सी.बी.आई. के सभी ऑफिसर अपनी अपनी गाड़ियों में बैठ रहे थे। एक अन्य गाड़ी की पिछली सीट पर सत्यम सिंह को बिठाया जा रहा था, और उसके बाद उसके बगल से ही एक अन्य ऑफिसर बैठ गया था।

सोनिया के देखते ही देखते सी.बी.आई. वालों का वो क़ाफिला सत्यम सिंह को साथ लिए हवेली से दूर चला गया। सोनिया को ऐसा महसूस हुआ जैसे उसकी मुकम्मल दुनियाँ ही नेस्तनाबूत हो गई हो। इस एहसास के साथ ही सोनिया की ऑखें छलक पड़ीं और फिर जैसे

उसके जज़्बात उसके काबू में रह सके। वो दरवाजे पर खड़ी खड़ी ही फूट फूट कर रो पड़ी। तभी उसके पीछे जयदीप नमूदार हुआ और अपनी रोती हुई माँ को उसके कंधे से पकड़ कर अपनी तरफ घुमाया और फिर उसे अपने सीने से लगा लिया।

उधर साक्षी के फार्महाउस पर भी सुबह हो गई थी। अपने कमरे के अटैच बाथरूम में नहाने के बाद साक्षी कपड़े पहन रही थी जब उसके कमरे का दरवाजा बाहर से कुण्डी के दवारा बजाया गया था। साक्षी ने पूछा कौन है तो बाहर से गीता की आवाज़ आई थी कि मैं हूँ बेटा जल्दी से दरवाज़ा खोलो। बस, उसके बाद साक्षी ने आनन फानन में अपने कपड़े पहने और फिर जाकर कमरे का दरवाज़ा खोला। दरवाज़ा खुलते ही गीता बुवा पर नज़र पड़ी तो वह हल्के से चौंकी।

" क्या बात है बुआ ?" साक्षी ने शशंक भाव से पूछा _" आप इस तरह ? सब ठीक तो है न ?"

" ये ले। " गीता ने जल्दी से अपना दाहिना हाथ साक्षी की तरफ बढ़ाया __" ये अख़बार पढ़। इसमें ऐसी ख़बर छपी है छिसे पढ़ कर तेरे होश न उड़ जाएँ तो कहना। "

" अच्छा। " साक्षी ने अख़बार अपने हाथ में लेते हुए कहा __" भला ऐसी क्या ख़बर छपी है इस अख़बार में जिसे पढ़ने पर मेरे होश ही उड़ जाएँगे ?"

" तू पढ़ तो सही। " गीता कहने के साथ ही दरवाजे के अंदर साक्षी को खींचते हुए ले आई , बोली __" बताने में वो बात नहीं होगी जितना कि खुद ख़बर पढ़ने से होगी। "

गीता, साक्षी को खींचते हुए बेड के क़रीब आई और उसमें साक्षी को बैठा कर खुद भी बैठ गई और साक्षी के चेहरे के भावों को बारीकी से देखने लगी। साक्षी ने अख़बार की फ्रंट पेज़ पर छपी ख़बर पर अपनी दृष्टि डाली और ख़बर की हेड लाईन पढ़ते ही वो बुरी तरह उछल पड़ी। अख़बार में छपी ख़बर कुछ इस प्रकार थी।

शहर के मशहूर कपड़ा ब्यापारी सत्य म सिंह के मकान से करोड़ों का ग़ैर कानूनी सामान बरामद

(रामगं ज *):* सोनपु र के रहने वाले ठाकुर सत्य म सिंह भाट ी वल्द देवेंद् र सिंह भाट ी जो कि एक मशहूर कपड़ा ब्यापारी हैं उनके रामगं ज स्थित मकान पर कल शाम को सी.बी.आई . वालों ने छापा मारा। मकान के अंदर से भारी मात्रा में चरस अफीम ड्रग्स आदि जानलेवा चीज़ें सी.बी.आई . के हाथ लगी। ग़ौरतलब बात ये है कि रामगं ज स्थित ठाकुर सत्य म सिंह का वो मकान कुछ समय से खाली पड़ा थ ा , इस लिए ये स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि ग़ैर कानूनी चीज़ों का इतना बड़ा ज़खीरा उनके मकान में कहाँ से आ गय ा *?* ऐसा इस लिए क्योंकि ठाकुर सत्य म सिंह जैसे मशहूर कारोबारी से ऐसे संगीन धंधे की बात सोची नहीं जा सकती जो कि जुर्म कहलाता है। इस लिए संभव है कि ये सब उनके किसी दुश्मन की सोची समझी साजिश का ही नतीजा हो। ख़ै र , अब देखना ये होगा कि सी.बी.आई . वालों की जाँच पड़ता ल से क्या सच्चाई सामने आती ह ै *?* अब ये तो निश्चित बात है कि ठाकुर सत्य म सिंह के मकान से मिले इतने सारे ग़र कानूनी सामान के तहत सी.बी.आई . वाले बहुत जल्द ठाकुर सत्य म सिंह को अपनी हिरासत में लेकर इस बारे में पूछताँछ करेंगे। किन्तु अगर सी.बी.आई . की जाँच में ये बात सामने आई कि वो सब ग़ैर

कानूनी सामान ठाकुर सत्य म सिंह का ही है तो यकीनन ठाकुर सत्य म सिंह को इस संगीन जुर्म में कानून के द्वारा सख् त से सख् त सज़ा मिलेगी।

अख़बार में छपी इस ख़बर को पढ़ कर यकीनन साक्षी के होश उड़ ही गए थे। उसके दिमाग़ की बत्ती बड़ी तेज़ी से जली थी और साथ ही उसे विक्रम की वो बात याद आई जब उसने रामगंज रेलवे स्टेशन पर साक्षी से कहा था कि बहुत जल्द सत्यम सिंह को एक झटका लगने वाला है। ये भी कि उसकी सेफ्टी के लिए वह भी ऐसा करेगा कि सत्यम सिंह या उसका कोई आदमी उस तक पहुॅच ही नहीं पाएगा।

" इसका मतलब तो यही हुआ बुआ कि अब तक डैड को सी.बी.आई. वाले गिरफ्तार कर लिए होंगे। " साक्षी ने गहरी सास लेते हुए कहा __" और अगर ऐसा हो गया होगा तो यकीनन डैड लंबे से नप जाएॅगे। एक ही झटके में वो कानून की ऐसी चपेट में आ जाएॅगे जहॉ से निकल पाना असंभव नहीं तो नामुमकिन ज़रूर है। "

" ये तो अच्छा ही हुआ न साक्षी। " गीता ने कहा __" बुरे काम करने का ये अंजाम तो होना ही था। लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि ये सब हुआ कैसे ?

" ये सब विक्रम की वजह से हुआ है बुआ। " साक्षी ने बताया __" उसने कल रेलवे स्टेशन में मुझसे कहा था कि वो कुछ ऐसा करेगा जिससे डैड मुझ तक पहुॅच ही नहीं पाएॅगे। ये तो सच है बुआ कि डैड ग़ैर कानूनी धंधा करते थे और फैक्ट्री में मौजूद तहखाने में उनका ये सब ग़ैर कानूनी सामान भी था जिसे विक्रम ने ही गायब किया था। ऐसा उसने इस लिए किया था ताकि वह उस सामान के आधार पर जब चाहे डैड को कानून की गिरफ्त में डलवा सके। इस लिए उसने ऐसा ही किया है बुआ लेकिन मुझे लगता है कि ये सब महज डैड को डराने और मौजूदा हालात से निपटने के लिए विक्रम ने किया है। क्योंकि विक्रम उन्हें अपने हाथो से उनके अपराधों की सज़ा देगा , नाकि कानून द्वारा उन्हें किसी तरह की सज़ा दिलवाएगा। "

" लेकिन बेटा। " गीता ने तर्क सा दिया __" कानून की चपेट में आने के बाद बड़े भैया भला कानून की गिरफ्त से कैसे बाहर आएॅगे और फिर कैसे विक्रम उन्हें अपने हाथो से सज़ा देगा ?"

" उसका भी इंतजाम विक्रम ने किया ही होगा बुआ। " साक्षी ने कहा __" आज के इस अख़बार में छपी ख़बर के अनुसार ग़ैर कानूनी सामान डैड के मकान से बरामद ज़रूर हुआ है लेकिन ये भी बताया गया है कि चूॅकि रामगंज स्थित मकान काफी समय से खाली था इस लिए संभव है कि डैड को फॅसाने के लिए उनके किसी दुश्मन ने ऐसा किया होगा। इस लिए सी.बी.आई. वाले इस बारे में सिर्फ पूॅछताछ करेंगे। अब आप खुद समझ सकती हैं बुआ कि विक्रम ने केस को इतना कमज़ोर क्यों बनाया हुआ है कि डैड कानून की गिरफ्त से मामूली पूछताछ के बाद छूट जाएॅ?। "

" लेकिन ये सवाल तो अपनी जगह खड़ा ही रहेगा न साक्षी कि बड़े भैया के मकान में वो ग़ैर कानूनी सामान कैसे पाया गया ?" गीता ने कहा __" इस लिए इस सवाल के साल्व

हुए बिना बड़े भैया इस केस से कैसे छूट जाएँगे भला ?"

" बहुत आसान है बुआ। " साक्षी ने कहा __" पैसों के लिए आजकल लोग बहुत कुछ कर जाते हैं। कहने का मतलब ये कि वो किसी ऐसे व्यक्ति को ढूँढ़ लेंगे जो पैसों के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाए। वो व्यक्ति इस बात को खुद स्वीकार करेगा कि वो सारा ग़ैर कानूनी सामान उसका खुद का है और उसने डैड के मकान में उसे इस लिये छुपाया हुआ था क्योंकि वो मकान काफी समय से खाली था तथा उसके लिए एक सुरक्षित जगह की तरह था। "

" चलो ये तो मान लिया कि ऐसा हो सकता है। " गीता ने मानो तर्क किया __" किन्तु सबसे बड़ा सवाल ये ये है कि तुम्हारे डैड ऐसे किसी व्यक्ति को लाएँगे कहाँ से ? जबकि वो खुद ही सी.बी.आई. वालों की निगरानी में रहेंगे और उनके पास किसी से संपर्क स्थापित करने के लिए कीई ज़रिया ही नहीं होगा। "

" सवाल बहुत अच्छा है बुआ। " साक्षी ने कुछ सोचते हुए कहा _" किन्तु अगर हम ये सोच कर देखें कि ये सब विक्रम का ही किया धरा है तो ये भी निश्चित बात है कि वो खुद ही ऐसा कुछ करेगा जिससे डैड सी.बी.आई. या कानून के चंगुल से बाहर आ जाएँ। "

" ऐसे मामलों में कानून के चंगुल से किसी का बाहर आ जाना नामुमकिन तो नहीं होता साक्षी। " गीता ने गहरी सास लेते हुए कहा __" किन्तु अगर तू ये कह रही है कि विक्रम तेरे डैड को किसी हैरतअंगेज कारनामे की वजह से बाहर निकाल ही लेगा तो सवाल ये उठता है कि ऐसा क्या करेगा विक्रम ? दूसरी बात , जब उसे कानून की गिरफ्त से निकाल ही लेना है तो फिर तेरे डैड की कानून की चपेट में लाने का मतलब ही क्या था ?"

" खजूर पर चढ़े इंसान को ज़मीन पर पटकने का मकसद था उसका। " साक्षी ने कहा __" वो कहते हैं न कि जब तक ऊँट पहाड़ के सामने नहीं आता तब तक उसे यही लगता है कि उससे ऊँचा कोई है ही नहीं। यही हाल मेरे डैड का था बुआ। विक्रम का मकसद कदाचित यही है कि वो डैड को एहसास दिलाना चाहता है कि इस दुनियाँ में उनसे भी बड़े बड़े ख़लीफा मौजूद हैं। वो चाहे तो उन्हें एक पल में चुटकियों में मसल सकता है। आज के इस वाक्ये के बाद संभव है कि डैड की विचारधारा में कुछ तो परिवर्तन ज़रूर आया होगा। "

" ये तो सच कहा तूने। " गीता ने कहा __" अगर सी.बी.आई. वाले बड़े भैया को अपने साथ ले गए होंगे तो ये सच है कि बड़े भैया को आज आटे दाल के भाव का पता चल जाएगा। "

" हाँ बुआ। " साक्षी ने कहा __" विक्रम को मौजूदा हालातों का बखूबी एहसास था। कदाचित उसे ये अंदेशा था कि इतनी नाकामियों के बाद डैड अब खुद मैदान में उतरेंगे और हमें खोज कर हमारा क्रिया कर्म करेंगे। इसी लिए विक्रम ने ये क़दम उठाया कि जब डैड ही कानून की गिरफ़्त में रहेंगे तो भला हम पर किसी तरह का उनकी तरफ से कोई संकट आएगा ही

कैसे ?"

" तो इसका मतलब ये हुआ कि बड़े भैया को विक्रम ने कानून की गिरफ्त में फॅसाया। " गीता को जैसे सारी बात समझ में आ गई थी , बोली __" सिर्फ इस लिए कि वो तेरे डैड को एहसास दिला सके कि वो जिसे पिद्दी का शोरबा समझते हैं वो दरअसल ऐसा है कि उनको छठी का दूध याद दिला सकता है। ख़ैर , इन बातों से ये भी एक बात समझ में आती है कि विक्रम ने तुझको सेफ करने के लिए भी तेरे डैड को कुछ दिनों के लिए कानून की गिरफ्त में फॅसाया है। दो दिन बाद तो वो खुद ही यहॉ आ जाएगा और संभव है ऐसा कुछ कर दे जिससे उसका शिकार कानून की चपेट से बाहर आ जाए। "

" यू आर अब्सोल्यूटली राइट बुआ। " साक्षी ने कहा __" विक्रम का यकीनन यही प्लान हो सकता है। ख़ैर , अब तो इस बात की फिक्र करने की कोई ज़रूरत नहीं है कि डैड या उनके किसी आदमी से हमें कोई ख़तरा है। "

" लेकिन एक बात सोचने वाली है साक्षी। " गीता ने सोचने वाले भाव से चहा __" तेरे डैड की इस गिरफ्तारी से तेरी मॉ और तेरे भाई पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोनिया भाभी ने खुद भी वकालत की पढ़ाई की है इस लिए संभव है कि वो तेरे डैड को कानून की गिरफ्त से निकालने का कोई जुगाड़ लगाएॅ। "

" कोई फायदा नहीं होने वाला बुआ। " साक्षी ने कहा _" जिसे जितना ज़ोर लगाना है लगा ले मगर हाथ कुछ नहीं आएगा। क्योंकि एक तो मामला ही इतना संगीन है दूसरे इस सबमें विक्रम का हाथ है। उसकी पहुॅच काफी लम्बी है , इस लिए उसकी पहुॅच के आगे इन लोगों का कोई भी पैंतरा काम नहीं करने वाला। ये तो पक्की बात है कि होगा वहीं जो विक्रम चाहेगा। "

" हॉ ये तो है। " गीता ने कहा __" ख़ैर देखते हैं क्या होता है ? वैसे इस बारे में क्या अभी तक तुमने विक्रम से बात नहीं की ??"

" अभी तो नहीं की बुआ। " साक्षी ने कहा __" पर अब जल्द ही उससे बात करू गी। वास्तव में उसने बड़ा हैरतअंगेज काम किया है। मुझे तो उससे ये उम्मीद ही नहीं थी। "

" वक्त और हालात एक इंसान को कहॉ से कहॉ पहुॅचा देते हैं और उससे क्या क्या करवा देते हैं ये सब उस तरह का समय आने पर ही पता चलता है। " गीता ने जाने क्या सोच कर कहा __" सोचने वाली बात है कि विक्रम जो एक बेहद ही सीधा सादा लड़का हुआ करता था आज वो इतना जहीन तथा इतना शातिर दिमाग़ का भी हो गया है। "

" इसमें उसकी कोई ग़लती नहीं है बुआ। " साक्षी ने भारी मन से कहा __" उसे इस तरह का बनाने वाले भी मेरे ही पैरेंट्स हैं। इंसान अपनों का हर कहा मानता है और उसका जुल्म भी सह लेता है लेकिन उसकी भी एक समय सीमा होती है। इतना कुछ जिसके साथ हुआ हो वो ऐसा भी न बन सके तो फिर कैसा इंसान है वो ?"

गीता, साक्षी की बात सुन कर उसे देखती रह गई। कुछ देर और ऐसी ही बातों के बाद वो दोनो ही कमरे से बाहर आ गईं और नीचे नास्ते की टेबल पर आकर बैठ गईं। जहॉ पर अपर्णा का भाई हेमराज पहले से ही मौजूद था। साक्षी अपनी गीता बुआ के साथ अलग अलग कुर्सियों पर बैठी ही थी कि उसका आई फोन बज उठा। उसने मोबाइल की स्क्रीन पर फ्लैश कर रहे "मॉम" नाम को देखा तो उसके होठों पर अनायास ही नफ़रत व घृणा से भरी मुस्कान फैल गई। कुछ सेकण्ड तक वो मोबाइल की स्क्रीन को देखती रही फिर उसने आ रही काल को कट कर दिया। काल कट करते वक्त उसके चेहरे पर बेहद कठोरता के भाव थे।

६३

उधर मुंबई में!

सुबह हुई !

सत्यम सिंह व सोनिया की दूसरी बेटी मानुषी की ऑखें गहरी नींद से खुल तो गईं थी मगर वो खुद बेड से न उठी थी अभी तक। हॅसती मुस्कुराती हुई रहने वाली मासूम सी मानुषी एकाएक ही जैसे बेहद गुमसुम सी रहने लगी थी। कॉलेज में हुई उस घटना को आज हप्ता से ज्यादा दिन गुज़र गया था किन्तु उस घटना की ताज़गी आज भी उसके ज़हन में बनी हुई थी। उसे अपनी इज्ज़त के तार तार हो जाने का इतना दुख न होता जितना आज उसे इस बात पर हो रहा था कि उसका चचेरा भाई उसे नफ़रत और घृणा की दृष्टि से देख कर इस तरह उसके सामने से मुह फेर कर चला गया था जैसे वो उसे पहचानता ही न था। मानुषी और विक्रम दोनो ही हम उमर थे किन्तु मानुषी का बिहैवियर भी साक्षी की तरह रहा था विक्रम के साथ।

उस दिन की घटना ने मानुषी के मुकम्मल वजूद को हिला कर रख दिया था। उसने इस घटना के बारे में अपने खुद के पैरेंट्स को बिलकुल भी नहीं बताया था। मौसी की लड़की को बस बताया था किन्तु उसने उससे भी वादा ले लिया था कि वो उसके घरवालों को ये बात न बताए कभी।

उस दिन की घटना के बाद पहले तो दो दिन मानुषी कॉलेज नहीं गई थी किन्तु फिर तीसरे दिन से जाने लगी थी। कॉलेज में हर जगह उसकी नज़रें बस अपने चचेरे भाई विक्रम को ही ढूॅढ़तीं मगर पिछले कई दिनों से उसे अपना वो चचेरा भाई कॉलेज में कहीं न दिखा था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि आख़िर विक्रम कॉलेज क्यों नहीं आ रहा? कहीं ऐसा तो नहीं कि उसकी वजह से उसने ये कॉलेज ही छोंड़ दिया हो। ये सोच कर ही मानुषी की जान उसके हलक में आकर फॅस जाती। वो सोचती कि अगर विक्रम ने सच में उसकी ही वजह से कॉलेज छोंड़ दिया होगा तो ये कितनी बड़ी बात है। मतलब कि आज के समय में विक्रम उससे इतनी नफ़रत करता है कि वो उसे देखना तक गवॉरा नहीं करता। ये सब बातें मानुषी को रात दिन किसी ज़हरीले सर्प की भॉति डसती रहती थी।

" बस एक बार। " मानुषी के मुख से हर बार बस यही बात निकलती ___" सिर्फ एक बार फिर से मुझे मिल जाओ मेरे भाई। तुमसे मिल कर मैं अपने किये की माफ़ी मॉगना चाहती हूॅ। मुझे एहसास है कि मेरे भाई कि मैने बचपन से लेकर अब तक तुम्हें सिर्फ दुख दिया है। तुम्हें तरह तरह की बातों से जलील किया था। मगर एक तुम थे कि मेरी उन कड़वी बातों का कभी भी बुरा नहीं मानते थे। जबकि कोई और होता तो जीवन भर मुझे देखना तक पसंद न करता। मुझे सब कुछ अच्छी तरह से याद है भाई। मेरे मॉम डैड ने हमेशा हम भाई बहनों को यही सिखाया था कि तुम सब बुरे लोग हो इस लिए हम तुमसे दूर रहें और कभी भी किसी तरह का कोई मेल मिलाप न रखें। हम बच्चे ही तो थे भाई , जैसा माँ बाप सिखाते थे उसी को सच मान लेते थे और फिर इस सबकी आदत ही पड़ गई थी। मगर उस दिन तुमने मेरी इज्ज़त बचा

कर ये जता दिया कि तुम बुरे नहीं हो सकते। जिस तरह से तुम मुझे देख कर नफ़रत व घृणा से अपना मुह मोड़ कर चले गए थे , उससे मुझे एहसास हो चुका था कि तुमने जो किया वो एक ऊँचे दर्ज़े का कर्म था और जो मैंने अब तक किया था वो हद से भी ज्यादा निचले दर्ज़े का कर्म था। मुझे बस एक बार मिल जाओ विक्रम । मैं तुमसे अपने गुनाहों की माफ़ी माँगना चाहती हूँ। तुम जो भी सज़ा दोगे उस सज़ा को मैं खुशी खुशी कुबूल कर लूँगी। प्लीज़ विक्रम , बस एक बार मुझे मिल जाओ। तुम कॉलेज क्यों नहीं आ रहे हो ? क्या इतनी नफ़रत करते हो तुम अपनी इस बहन से कि जिस कॉलेज में मैं हूँ वहाँ तुम पढ़ ही नहीं सकते ? ऐसा मत करना मेरे भाई। वरना मैं अपनी ही नज़रों में इस क़दर गिर जाऊँगी कि फिर उठ पाना मेरे लिए असंभव हो जाएगा। "

ये सब बातें अपने आप से ही करना जैसे मानुषी की दिनचर्या में शामिल हो गया था। उसके मौसी की लड़की उसे इस बारे में बहुत समझाती मगर मानुषी पर उसकी बातों का कोई असर न होता। कॉलेज में हुई घटना से मानुषी थोड़ा गुमसुम सी रहने लगी थी। मगर इसका कारण यही था कि विक्रम कॉलेज नहीं आ रहा था। वो हर रोज़ समय पर कॉलेज पहुँच जाती और सारा दिन कॉलेज में रुकती। उसकी नज़रें हर दिन अपने भाई को तलाश करती मगर अंत में उन ऑखों में मायूसी के साथ साथ ऑसू भर आते और फिर वो दुखी भाव से घर लौट जाती। कॉलेज के बाकी स्टूडेंट्स नार्मल ही थे। उस घटना के बाद किसी ने कभी कोई टीका टिप्पणी न की थी।

कुछ देर ऐसे ही सोचो में गुम वह बेड पर पड़ी रही उसके बाद वो उठी और बाथरूम की तरफ बढ़ गई। बाथरूम में फ्रेश होने के बाद वो वापस कमरे में आई और कॉलेज के यूनीफार्म पहन कर तथा कंधे पर एक मध्यम साइज़ का बैग लेकर वो कमरे से बाहर की तरफ बढ़ी ही थी कि उसका मोबाइल बज उठा। उसने बैग के ऊपरी हिस्से की चैन खोला और अपना मोबाइल निकाल कर स्क्रीन पर नज़र आ रहे "मॉम" नाम को देखा तो उसने काल रिसीव कर मोबाइल कानों से लगा लिया।

".....। " उधर से सोनिया ने कुछ कहा।

" क्याऽऽऽ ????" मानुषी के हाथ से मोबाइल छूटते छूटते बचा था। उसके हलक से जैसे चीख सी निकल गई थी , बोली __" ये ये आप क्या कह रही हैं मॉम ? डैड को सी.बी.आई. वाले ले गए ? मगर क्यों ??? आख़िर ऐसा क्या किया है डैड ने ?"

".....। " उधर से सोनिया ने फिर कुछ कहा।

" ओह अब क्या होगा मॉम ?" सोनिया की बात सुनने के बाद मानुषी ने संजीदगी से कहा __" क्या साक्षी दीदी ने कुछ नहीं किया ? वो भी तो एक पुलिस ऑफिसर हैं ?"

".....। " उधर से सोनिया ने कुछ देर तक कुछ बात की।

" क्याऽऽ ???" मानुषी बुरी तरह उछल पड़ी ___" ये आप क्या कह रही हैं ? दीदी भला ऐसा कैसे कर सकती हैं मॉम ? नहीं नहीं , आपको और डैड को ज़रूर कोई ग़लतफहमी हुई

है। साक्षी दीदी ये सब कर ही नहीं सकती हैं। आप तो जानती हैं कि दीदी ने कभी उसकी तरफ देखना तक पसंद नहीं किया था। फिर भला आज वो कैसे उसका साथ देने लगीं ? ये तो इम्पॉसिबल है मॉम। "

".....। " उधर से सोनिया ने फिर कुछ कहा।

" मैं इस बारे में दीदी से बात करू गी मॉम। " मानुषी ने गंभीरता से कहा __" उनसे पूछूँगी कि आख़िर वो ये सब क्यों कर रही हैं ?"

".....। " उधर से सोनिया ने झट से कुछ कहा।

" क्यों नहीं पूँछ सकती मॉम ?" मानुषी ने ज़रा चौंकते हुए कहा __" आख़िर पता तो चलना ही चाहिए कि उनके मन में क्या है अपने पैरेंट्स के प्रति ? इस लिए मैं उनसे फोन लगा कर ज़रूर इस बारे में बात करू गी। "

".....। " उधर से प्रतिभा ने फिर कुछ कहा।

" मैं भी आ रही हूँ मॉम। " मानुषी ने कहा __" ऐसे समय में में मुझे अपने मॉ डैड के पास ही रहना है। दूसरी बात मैं देखना चाहती हूँ कि साक्षी दीदी ये सब कैसे करती हैं अपने ही मॉ बाप और भाई के खिलाफ़ ?"

".....। " उधर से सोनिया ने कुछ कहा।

" ओके मॉम। " मानुषी ने कहा और काल कट कर दिया।

इस वक्त उसके दिलो दिमाग़ में एकाएक ही तूफान सा चालू हो गया था। मन में तरह तरह के सवाल उभरने लगे थे। जिनका जवाब फिलहाल उसके पास न था किन्तु जानना आवश्यक था उसके लिए। दरवाजे की तरफ न जाकर वह वापस पलट कर बेड पर बैठ गई और गहन सोच में डूब गई।

" डैड को सी.बी.आई. वाले अपने साथ ले गए। " मानुषी मन ही मन सोच रही थी __" वजह ये कि उनके शहर वाले मकान से भारी मात्रा में चरस अफीम व ड्रग्स जैसी गैर कानूनी चीज़ें सी.बी.आई. वालो को बरामद हुई। सवाल ये उठता है कि क्या सच में डैड इस तरह का कोई ग़ैर कानूनी धंधा करते हैं ? वहीं दूसरी तरफ साक्षी दीदी आज कल अपने ही पैरेंट्स के खिलाफ़ जाकर विक्रम का साथ दे रही हैं। भला ये असंभव काम संभव कैसे हो सकता है ? आख़िर ऐसा क्या हुआ है कि दीदी मॉम डैड के सबसे बड़े दुश्मन का साथ देने लगी हैं ? मॉम ने बताया कि विक्रम गॉव आया था , इसका मतलब इसी लिए वो कॉलेज नहीं आ रहा था। मगर वो गॉव गया किस लिए था ? और गॉव में ऐसा क्या हुआ है कि दीदी अपने उस चचेरे भाई का साथ देने लगीं जिसे वो कभी देखना भी पसंद नहीं करती थीं ?"

मानुषी के ज़हन में हज़ारों तरह के सवाल इधर उधर घूमने लगे थे मगर मानुषी को ये सब बातें हजम नहीं हो रही थी। सोचते सोचते सहसा मानुषी के दिमाग़ की बत्ती जली। उसके मन में विचार आया कि वो खुद भी तो कभी विक्रम को अपना भाई नहीं समझती थी जबकि आज

हालात ये हैं कि वो अपने उसी भाई से मिल कर अपने उन गुनाहों की उससे माफ़ी मॉगना चाहती है। कहीं न कहीं उसका अपने इस भाई के प्रति हृदय परिवर्तन हुआ था तभी तो उसके दिल में ऐसे भावनात्मक भाव आए थे। दूसरी तरफ साक्षी दीदी भी विक्रम का साथ दे रही हैं। इसका मतलब कुछ तो ऐसा हुआ है जिसके चलते दीदी का भी विक्रम के प्रति हृदय परिवर्तन हुआ है और वो आज उसका साथ भी दे रही हैं। इतना ही नहीं अपने ही पैरेंट्स के खिलाफ़ विक्रम के साथ लड़ाई लड़ रही हैं।

मानुषी को अपना ये विचार जॅचा। उसको एहसास हुआ कि कुछ तो ऐसी बात हुई जिसका उसे इस वक्त कोई पता नहीं है। ये सब सोचने के बाद उसने मोबाइल पर साक्षी दीदी का नंबर ढूॅढ़ा और काल लगा कर मोबाइल कान से लगा लिया। काल जाने की रिंग बजती सुनाई दी उसे। कुछ ही देर में उधर से साक्षी ने काल रिसीव किया।

".....। " उधर से साक्षी ने कुछ कहा।

" मैं तो बिलकुल ठीक हूॅ दीदी। " मानुषी ने कहा __" आप बताइये आप कैसी हैं ?"

".....। " उधर से साक्षी ने फिर कुछ कहा।

" हॉ दीदी कॉलेज अच्छा चल रहा है और साथ में पढ़ाई भी अच्छी चल रही है। " मानुषी ने कहने के साथ ही पहलू बदला __" दीदी , अभी अभी मॉम का फोन आया था मेरे पास। उन्होंने कुछ ऐसा बताया जिसे सुन कर मेरे होश ही उड़ गए हैं। वो कह रही थी कि डैड को सी.बी.आई. वाले ग़ैर कानूनी सामान के चलते अपने साथ ले गए हैं। ये भी कि आप विक्रम का साथ दे रही हैं। ये सब क्या चक्कर है दीदी ? प्लीज़ बताइये न कि ऐसा क्या हो गया है कि आप अपने ही पैरेंट्स के खिलाफ़ हैं ? मॉम कह रही थी कि आपने उनका काल भी रिसीव नहीं किया। वो आपको भी डैड के बारे में सूचित करना चाहती थी। "

".....। " उधर से साक्षी ने काफी देर तक कुछ कहा।

" बातों को गोल गोल मत घुमाइये दीदी। " मानुषी ने बुरा सा मुह बनाया ___" साफ साफ बताइये न कि आख़िर क्या बात हो गई है जिसकी वजह से आप मॉम डैड के खिलाफ़ हो कर उस विक्रम का साथ दे रही हैं ?"

".....। " उधर से साक्षी ने फिर कुछ कहा।

" इसका मतलब आप खुद मुझे कुछ भी बताना नहीं चाहती हैं। " मानुषी ने कहा __" और ये कह रही हैं कि सच्चाई का पता मैं खुद लगाऊॅ। ठीक है दीदी , मैं आ रही हूॅ। क्या आपसे मिल भी नहीं सकती मैं ?"

".....। " उधर से साक्षी ने कुछ कहा।

" ठीक है दीदी। " मानुषी ने कहा __" लेकिन मैं इतना ज़रूर जानती हूॅ कि बात भले ही चाहे जो कुछ भी हुई हो मगर ऐसा नहीं होना चाहिए कि बच्चे अपने मॉ बाप से इस तरह

खिलाफ़ हो जाएॅ। "

इतना कहने के बाद मानुषी ने काल कट कर दिया और फिर दुखी भाव से बेड पर कुछ देर बैठी जाने क्या सोचती रही। उसके बाद जैसे उसने कोई फैसला किया और फिर उठ कर कॉलेज की यूनिफार्म को उतारने लगी। कुछ ही देर में उसने दूसरे कपड़े पहन लिए और फिर कमरे से बाहर निकल गई।

६४

इधर विक्रम की ट्रेन अपने निर्धारित समय से कुछ ही समय की देरी से आख़िर मुंबई पहुँच ही गई थी। सब लोग ट्रेन से बाहर आए और फिर प्लेटफार्म से बाहर की तरफ निकल गए। विक्रम ने मुंबई पहुँचने से पहले ही उमाकांत पाटिल को फोन कर दिया था। इस लिए जैसे ही ये लोग स्टेशन से बाहर आए वैसे ही उमाकांत पाटिल बाहर मिल गया। उसके साथ एक कार और थी। सब लोग कार मे बैठ कर घर के लिए निकल गए।

रास्ते में उमाकांत अंकल ने मुझे बताया कि उन्होंने मॉ से बात कर ली है। पहले तो मॉ मेरी वापसी की बात सुन कर नाराज हुईं। मगर उमाकांत अंकल ने उन्हें सारी बात तरीके से बताई और ये यकीन दिलाया कि मुझे कुछ नहीं होगा तब जाकर वो राजी हुई थी। लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि वो एक बार मुझे देखना चाहती हैं। अतः अब मैं इन लोगों के साथ ही घर तक जा रहा था। वरना मेरा प्लान ये था कि मैं यहॉ से वापस उसी ट्रेन से लौट जाता।

मुंबई से वापसी के लिए इसी ट्रेन को लगभग कुछ घण्टे बाद जाना था इस लिए मैं बड़े आराम से गर जाकर मॉ से मिल सकता था। ख़ैर, कुछ ही समय बाद हम सब घर पहुँच गए। घर पर सब एक दूसरे से मिले। अपर्णा चाची जब मॉ से मिली तो बहुत रो रही थी और बार बार मॉ से माफ़ियॉ मॉग रही थी। मॉ ने उन्हें अपने सीने से लगा लिया था। अपर्णा चाची को वो हमेशा अपनी छोटी बहन की तरह मानती थी और प्यार करती थी। आशा दीदी और उनकी मॉ से भी मेल मिलाप हुआ। मिलने मिलाने में ही काफी समय ब्यतीत हो गया था।

मैं अपने कमरे में जाकर फ्रेश हो गया था। अमर भी फ्रेश हो गया था। उसे मेरे साथ ही वापस गॉव जाना था। निशा भी सबसे मिली। अपर्णा चाची ने उसे ढेर सारा प्यार व स्नेह दिया था। सृष्टि और रणदीप को मॉ ने अपने सीने से ही छुपकाया हुआ था। सुंदर चाचा खुश थे कि उनके बीवी बच्चे सही सलामत यहॉ आ गए थे। अब उन्हें उनके लिए कोई फिक्र नहीं थी। शायद यही वजह थी कि वो खुद भी मेरे साथ चलने की बात करने लगे थे। उनका कहना था कि वो खुद भी इस जंग में हिस्सा लेंगे और अपने बड़े भाई से इस सबका बदला लेंगे। मगर मैने और उमाकांत अंकल ने उन्हें समझा बुझा कर मना कर दिया था।

मैने एक बात महसूस की थी कि निशा का बिहैवियर मेरे प्रति कुछ अलग ही था। इसके पहले वह हमेशा मेरे पास में ही रहने की कोशिश करती थी जबकि अब वो मुझसे दूर दूर ही रह रही थी। यहॉ तक कि मेरी तरफ देख भी नहीं थी वो। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि वो ऐसा क्यों कर रही थी। मैने एक दो बार खुद उससे बात करने की कोशिश की मगर वो किसी न किसी बहाने से मेरे पास से चली ही जाती थी। मुझे उसके इस रूखे ब्यवहार से तक़लीफ़ भी हो रही थी। वो मेरी जान थी, मैं उसकी बेरुखी पल भर के लिए भी सह नहीं सकता था मगर सबके सामने भला मैं उससे इस बारे कैसे बात कर सकता था? मेरे पास वक्त नहीं था, इस लिए मैने मन में सोच लिया था कि सब कुछ ठीक करने के बाद मैं उससे बात करूगा और उसकी किसी भी प्रकार की नाराजगी को दूर करूगा।

मैं मॉ से मिला तो मॉ मेरी वापसी की बात से भावुक हो गईं। उन्हें पता था कि मैं वापस किस लिए जा रहा हूँ इस लिए वो मुझे बार बार अपना ख़याल रखने के लिए कह रही थी। ख़ैर मैने उन्हें आश्वस्त कराया कि मैं खुद का ख़याल करूगा और मुझे कुछ नहीं होगा।

चलने से पहले मैने सबसे आशीर्वाद लिया और फिर अमर के साथ वापसी के लिए चल दिया। मेरे साथ उमाकांत अंकल भी थे। रौनक और आशा दीदी मुझे अपना ख़याल रखने का कहा और खुशी खुशी मुझे विदा किया। हलॉकि मैं जानता था कि वो अंदर से मेरे जाने से दुखी हैं। उन्हें मेरी फिक्र थी। सुंदर चाचा ने मुझे सम्हल कर रहने को कहा। अपर्णा चाची ने मुझे प्यार दिया और विजयी होने का आशीर्वाद दिया। मैं सृष्टि और रणदीप को प्यार व स्नेह देकर निशा की तरफ देखा तो वो कहीं नज़र न आई। मैं समझ गया कि वो मुझसे मिलना नहीं चाहती है। इस बात से मुझे तक़लीफ़ तो हुई किन्तु फिर मैंने उस तक़लीफ़ को जज़्ब किया और उमाकांत अंकल के साथ कार में बैठ कर वापस रेलवे स्टेशन की तरफ चल दिया।

रेलवे स्टेशन पहुॅच कर मैं और अमर कार से उतरे। उमाकांत अंकल ने मुझे एक पैकिट दिया और कहा कि मैं उसे अपने बैग में चुपचाप डाल लूॅ। मैने ऐसा ही किया। उसके बाद उमाकांत अंकल से मेरी कुछ ज़रूरी बातें हुईं और फिर मैं और अमर प्लेटफार्म की तरफ बढ़ गए। ट्रेन वापसी के लिए बस चलने ही वाली थी। हम दोनो ट्रेन में अपनी अपनी सीट पर बैठ गए। मैने मोबाइल से साक्षी दीदी को फोन किया और उन्हें बताया कि सब लोगों को मैने सुरक्षित पहुॅचा दिया है और अब मैं वापस आ रहा हूॅ। साक्षी दीदी इस बात से खुश हो गईं। फिर उन्होंने मुझे अख़बार में छपी ख़बर के बारे में बताया और पूॅछा कि ये सब क्या है तो मैने कहा कि मिल कर बताऊॅगा।

साक्षी दीदी से बात करने के बाद मैं अमर से बातें करने लगा। तभी मेरी नज़र एक ऐसे चेहरे पर पड़ी जिसे देख कर मैं चौंक पड़ा और हैरान भी हुआ। मेरे मन में सवाल उठा कि क्या उसने मुझे देख लिया होगा????? मैने अपनी पैंट की जेब से रुमाल निकाल कर अपने मुख पर बॉध लिया और फिर आराम से अमर से बातें करने लगा। किन्तु मेरी नज़र बार बार उस चेहरे पर चली ही जाती थी। जिस चेहरे पर मैं एक अजीब सी उदासी देख रहा था।

६५

उधर साक्षी के फार्महाउस पर!

सुबह का नास्ता पानी करने के बाद साक्षी बाहर की तरफ निकल गई। बाहर आकर उसने देखा कि सामने मेन गेट पर हरिया काका और शंकर काका आपस में कुछ बातें कर रहे थे। साक्षी उन दोनो को देखते ही उनकी तरफ बढ़ चली। कुछ ही समय में वो उन दोनो के पास पहुँच गई। साक्षी को अपनी तरफ आता देख उन दोनों ने अपनी बात बंद कर दी और सम्हल कर खड़े हो गए।

" क्या हाल चाल हैं आप दोनो के काकाा ?" साक्षी ने उन दोनों की तरफ देख कर मुस्कुराते हुए कहा __" आप दोनों ने नास्ता पानी किया कि नहीं ?"

" हम दोनों ने अभी थोड़ी देर पहले ही नास्ता पानी किया है बिटिया। " शंकर ने कहा __" केशरमाँ भाभी हमारा काफी बेहतर तरीके से ख़याल रखती हैं। "

" ये तो बहुत अच्छी बात है काका। " साक्षी ने कहा __" काकी हैं ही इतनी अच्छी कि उन्हें सबकी फिक्र रहती है। "

" हॉ ये बात तो सच है बिटिया। " शंकर ने कहा __" हरिया बहुत किस्मत वाला है जो इसे केशरमाँ भाभी जैसी जोरू मिली हैं। "

" अरे ई का कहथो रे बुड़बक ?" हरिया ने बुरा सा मुह बनाते हुए कहा __" किस्मत वाली ताऊ है ससुरी जो हमरे जइसन मरद मिल गवा है ऊखा। हम ता पहिले से ही किस्मत वाला हूँ रे। "

" देखा बिटिया। " शंकर ने साक्षी से कहा __" ये अपने आपको जाने क्या समझता रहता है ? जबकि सच्चाई तो यही है कि जबसे केशरमाँ भाभी से इसका ब्याह हुआ है तब से इसके भाग्य खुल गए हैं। "

" खूब समझ रहा हूँ रे तोहरी बातन का। " हरिया ने सिर हिलाते हुए कहा __" तू ससुरे ऊखर बहुतै बड़ाई करथै रे। तोहरे मन मा का है ई हम बहुतै अच्छी तरह से जानत हूँ। इतना बुड़बक न हूँ हम। पर तू ससुरे हमरी एक बात कान खोल के सुन ले , अउर ऊ या के कउनव दिन सारे हमरी बासु रू का लइके भाग न जइहे समझा का ?"

" ओए ये क्या बकवास कर रहा है तू ?" शंकर ने एकदम से आवेश में आकर कहा _" ऐसा तू सोच भी कैसे सकता है मेरे बारे में ? तू अच्छी तरह जानता है कि मेरे मन में ऐसी बदनीयती नहीं है। मैं तो भाभी की बहुत इज्ज़त करता हूँ और उन्हें भाभी माँ जैसा ही मानता हूँ। "

" ई ता ससुरे तू मुह से बोल रहा है न। " हरिया ने कहा _" केहू के मन मा का है ई कउन जानथै भला , हाॅ ?"

" तू जैसा है वैसा ही दूसरे को भी समझता है। " शंकर ने कहा __" इस लिए मुझे अपने लिए सफाई देने की कोई ज़रूरत नहीं है। ईश्वर जानता है कि मेरे अंदर क्या है ?"

" मैं जानती हूॅ काका कि आपके मन में किसी के लिए कोई मैल नहीं है। " साक्षी ने कहा __" हरिया काका तो आपको बस छेड़ रहे हैं लेकिन मैं ये कह रही हूॅ आप भी शादी कर लीजिए और मेरे लिए एक अच्छी सी काकी ले आइये। "

" ये क्या कह रही हो बिटिया ?" शंकर हॅसा __" अब भला इस उमर में कौन लड़की मुझसे ब्याह करेगी ? अब तो ये जीवन ऐसे ही कटेगा। "

" अरे अभी भी आप शादी कर सकते हैं काका। " साक्षी ने कहा __" और आपको करना ही पड़ेगा। जब आप शादी कर लेंगे तब हरिया काका आपको ये सब कह कर छेड़ेंगे नहीं। "

" हम ता ई ससुरे का समझाय समझाय के थक गयन बिटिया। " हरिया ने कहा __" पर ई ससुरा हमरी कउनव बात मानतै नाहीं है। कहैं का ता ई हमका आपन बहुतै बड़का पक्का यार मानथै पर ई बात भी सच हाय कि ई हमरी बात भी नाहीं सुनत है। "

" आप समझ नहीं रहे हैं काका। " साक्षी ने सहसा मुस्कुराते हुए कहा __" शंकर काका को दरअसल केशरमाॅं काकी जैसी बीवी चाहिए। बात भी सही है काका अगर केशरमाॅं काकी जैसी बीवी शंकर काका को भी मिल जाए तो इनका जीवन और भी ज्यादा सॅवर जाए। "

" कारे ईहै बात हा का ?" हरिया काका ने तिरछी नज़र से शंकर की तरफ देखा __" अउर अगर ईहै बात हा ता ससुरे ई बात तै हमका पहिले काहे ना बताए रहे ? सरवा बेकार मा अब तक ते रॅडवा घूमत रहे। चल अउनव बात ना हा। हम तोहरे खातिर ऊ ससुरी केशरमाॅं जइसनै जोरू ढूॅढ़ब। हमरे इहॉ अइसन बासु रू केर कउनव कमी ना हा। "

" ये तो अच्छी बात है काका। " साक्षी ने मुस्कुरा कर कहा _" आप जल्दी से वधू का इंतजाम कीजिए। उसके बाद चट मॅगनी पट ब्याह हो जाएगा। और हॉ शंकर काका की शादी का सारा खर्चा मैं करू गी। "

" ये तुम क्या कह रही हो बिटिया ?" शंकर काका एकदम से चौंक पड़ा _" भला मैं तुमसे कैसे खर्चा करवा सकता हूॅ ? अरे तुमको तो मैं अपनी बेटी ही मानता हूॅ और बेटी से इस तरह अपने काम के लिए धन खर्चा करवाना अच्छी बात नहीं है। मुझे पाप लगेगा बिटिया। "

" आप भी कमाल करते हैं काका। " साक्षी ने कहा _" जीवन भर मॉ बाप अपने बच्चों के ऊपर अपनी पाई पाई खर्च करते रहते हैं तो क्या बच्चों का फर्ज़ नहीं बनता कि वो भी अपने

मॉ बाप के ऊपर अपनी कमाई का पाई पाई खर्च कर दें ? अगर आप मुझे अपनी बेटी मानते हैं तो मैं भी तो आपको अपने पिता जैसा ही मानती हूॅ। और ये मेरी इच्छा ही नहीं बल्कि खुशी की बात है कि मैं अपने शंकर काका की शादी में खूब पैसा खर्च करू । मैने फैंसला कर लिया है , इस लिए अब आप इस बारे में कुछ भी नहीं कहेंगे ? वरना कभी बात नहीं करू गी आपसे। "

साक्षी की बातें सुन कर शंकर हैरत से देखता रह गया उसे। फिर सहसा जाने उसके अंदर कैसा भावनाओं का तूफान उठा कि उसकी ऑखों से झर झर करके ऑसू बह चले। उसके चेहरे पर एकाएक ही गहन पीड़ा और दुख के भाव उभर आए। ये देख कर साक्षी आगे बढ़ी और उसकी ऑखों से बह रहे ऑसुओं को अपने हाथ से पोंछा।

" ये क्या काका ?" साक्षी ने कहा _" आप रों रहे हैं ? क्या मुझसे कुछ ग़लती हो गई ?"

" नहीं नहीं बिटिया। " शंकर एकदम से कह उठा __" तुमसे भला कोई ग़लती कैसे हो सकती है ? तुम तो एक नेक दिल बच्ची हो बिटिया। आज वर्षों बाद इतनी खुशी महसूस हुई कि वो खुशी ऑसू बन कर इन ऑखों से छलक पड़ी। इस दुनियॉ में इससे पहले बहुत दुख दर्द सहे थे मैने। मगर जबसे यहॉ आया हूॅ तो ऐसा लगा जैसे मैं अकेला नहीं हूॅ बल्कि मेरा भी कोई अपना है। जिसे मेरी फिक्र है। "

" मैं तो शुरू से ही आपको अपना ही मानती आ रही हूॅ काका। " साक्षी ने कहा __" मगर आप आज भी मुझे अपना नहीं मानते हैं। अगर मानते तो मेरे और हरिया काका के पूछने पर अपने बारे में वो सब कुछ बताते जिसकी वजह से आप कभी अपने घर नहीं जाते हैं। "

" उस सबको बताने का कोई मतलब नहीं है बिटिया ?" शंकर ने कहा __" अतीत किसी का भी हो वो जब भी याद आता है तो हमें दुख और उदासियॉ ही देता है। मैं उस सबको याद नहीं करना चाहता। क्योंकि बड़ी मुश्किल से मैने खुद को इस हद तक संभाला है। "

" अपने अंदर के दर्द को बयॉ कर देने से मन का बोझ काफी हल्का हो जाता है काका। " साक्षी ने कहा __" ये तो अच्छी बात है कि आप अपने उस दर्द से उबर कर आज सम्हल चुके हैं। लेकिन ये भी सच है कि अपने अंदर इतने सारे दुख दर्द को दबा के रखना भी अच्छी बात नहीं है। ऐसे में वो दर्द नासूर बन जाता है और हमें एक पल भी सुकून से जीने नहीं देता। इस लिए आप अपने के उस दुख दर्द को बाहर निकाल दीजिए और फिर नये सिरे से अपने जीवन की नई शुरूआत कीजिए। "

" साक्षी बिटिया बहतै भले की बात करथै शंकरवा। " हरिया ने कहा __" जो बीत गया हा उसे ता भूला दे मा ही भलाई हा। हम सरवा तोसे कब से रहा हूॅ के तू अपना ब्याह करके जीवन मा आगे बढ़। पर तू ससुरा हमरी सुनतै नाहीं है ?"

" अब तो बिटिया ने अपना फैंसला सुना ही दिया है हरिया। " शंकर ने कहा __" और जिस

अपनेपन से सुनाया है उसे अगर मैं ना मानूँ तो फिर धिक्कार ही होगा मुझ पर। इस लिए अब मैं ज़रूर ब्याह करू गा यार। "

" हॉ लेकिन उससे पहले। " साक्षी ने कहा __" मैं ये भी जानना चाहती हूँ काका कि आपके साथ ऐसा क्या हो गया था जिसकी वजह से आप कभी अपने घर नहीं जाते और ना ही अपने घर वालों से कभी कोई मतलब रखते हैं ? आप हमें वो सब कुछ अभी बताएँगे काका। "

" ठीक है बिटिया। " शंकर ने गहरी सास ली __" तुम अगर इतना ही ज़ोर दे रही हो तो सब कुछ बताता हूँ तुम्हें। मैं उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गॉव महोबा का निवासी हूँ। मैं छोटी जाति का हूँ। मेरा बाप बल्ली रावत एक मिस्त्री था। जो मकानों में ईंटे की जोड़ाई का काम करता था। हम तीन भाई और दो बहन थे। मेरी मॉ बहुत शान्त स्वभाव की थी। अपने सभी बच्चों को वह बहुत प्यार करती थी। भाई बहनों में मैं सबसे बड़ा था। मैं मॉ पर गया था इस लिए मेरा स्वभाव भी सबके प्रति प्यार भरा ही था। उस वक्त मैं पच्चीस साल का हो गया था और अपने बापू के साथ रह कर मिस्त्रीगीरी पूरी तरह सीख चुका था। इस लिए जहॉ भी काम मिलता मैं बापू के साथ ही रह कर उनके काम में हाथ बटाता था। मेरे सहयोग का असर ये हुआ की घर के आर्थिक हालात पहले की अपेक्षा काफी बेहतर हो गए। हमारी जात बिरादरी के कुछ लोग मेरे बापू से अक्सर मेरा ब्याह कर देने को कहते रहते थे। पर पता नहीं बापू उन सबकी बातों को क्यों अनसुना कर देता था ? इधर पास के ही एक गॉव में हमारी ही जात बिरादरी में एक लड़की थी चंदा। जिसे मैं काफी पसंद करता था। वो भी मुझे बहुत पसंद करती थी। हमें जब भी समय मिलता हम एक दूसरे से ज़रूर मिल लिया करते थे। कहते हैं कि इश्क़ मुश्क़ कभी छुपता नहीं इस लिए इस बात का पता मेरे बापू को भी हो गया था। जिससे बापू मुझे इसके लिए डॉट भी देता था कभी कभी। ख़ैर सब कुछ ठीक ही चल रहा था कि एक दिन हर दिन की भॉति मैं बापू के साथ काम पर गया हुआ था। गॉव में ही काम चालू था तो दोपहर के समय सहसा मेरी बहन रीना भागते हुए आई और बताया कि अम्मा मर गई है। उसकी बात सुन कर हम दोनो बाप बेटा भौचक्के से रह गए। मुझे तो यकीन ही नहीं हुआ कि अम्मा मर गई है। रीना ने बताया कि अम्मा नहाने के लिए बाल्टी को रस्सी से बॉध कर कुएॅ से पानी खींच रही थी। तभी जाने कैसे उसका पॉव फिसल गया और वो कुएॅ में गिर गई। अम्मा को तैरना नहीं आता था इस लिए वो पानी में डूब गई और मर गई। रीना ने बताया कि जब काफी देर तक अम्मा नहा कर न आई तो वह घर के पिछवाड़े पर बने कुएॅ में ये देखने गई कि अम्मा अब तक आई क्यों नहीं ? लेकिन कुएॅ में अम्मा को न पा कर रीना कुएॅ के आस पास देखने लगी। फिर सहसा उसकी नज़र कुएॅ के अंदर पड़ी तो अम्मा को पानी की सतह पर औधे मुँह लेटी पाया। रीना को समझते देर न लगी कि अम्मा मर गई है , बस ये कहानी थी अम्मा के मर जाने की। रीना की सारी बातें सुन कर हम दोनो बाप बेटा काम छोंड़ कर घर आ गए। गॉव के कुछ लोगों की मदद से मेरे भाईयों ने अम्मा को कुएॅ से निकाल लिया था।

अम्मा के मर जाने का दुख सबसे ज्यादा मुझे था। लेकिन अब हो भी क्या सकता था। अम्मा का क्रिया कर्म किया गया और कुछ दिन में फिर से हमारी दिन चर्या पहले जैसी चलने लगी। अब घर में रोटी पानी मेरी दोनो बहनें ही बनाती थी। मेरे सभी भाई बहन बड़े हो गए थे और

जवान भी। अम्मा के मर जाने का दुख मेरे अंदर बना ही रहा पर मैं किसी के सामने उस दुख को दिखाता नहीं था। कुछ दिन बाद एक बदलाव ये हुआ कि बापू अक्सर रात को देसी ठर्रा(शराब) लगा कर घर आने लगा और घर में सबको अनाप शनाप बकने लगा और गालियॉ भी देने लगा। हम सब बापू के दारू पीने से परेशान से होने लगे। इधर एक बदलाव ये भी हुआ कि बापू मुझे काम पर लगा कर खुद चार चार घंटे के लिए गायब हो जाता। जबकि मैं सारा दिन काम में लगा रहता और फिर दिन ढले ही घर वापस आता। ऐसे ही दिन गुज़रते रहे।

ऐसे ही एक दिन मैं शाम को घर पहुॅचा। हाथ मुह धोकर खाया पिया और फिर घर के बाहर मैदान में चारपाई लगा कर उसमें लेट गया। दिन भर के काम से मैं काफी थक जाता था इस लिए लेटते ही मुझे नींद आ गई। अभी मुझे सोये हुए कुछ ही समय गुज़रा था कि सहसा किसी ने मेरी पीठ पर ज़ोर की लात मारी। जिससे मैं चारपाई के नीचें गिर गया। अचानक हुए इस हमले से पहले तो मुझे कुछ समझ न आया किन्तु फिर तुरंत ही मेरे अंदर गुस्से का उबाल आ गया। मेरी नज़र मुझे लात मारने वाले पर पड़ी। देखा तो चारपाई के उस पार नशे में झूमता बापू खड़ा था।

" बापू तुमने मुझे मारा क्यों ?" मैं लगभर नाराज गी भरे भाव से पूछा __" और ये क्या तुम हर रोज़ देसी दारू चढ़ा के आ जाते हो। ये अच्छी बात नहीं है बापू। "

" बकवास ना कर समझा। " बापू नशे में झूमता हुआ गरजा __" मैं कुछ भी करू तुझे इससे क्या मतलब ? मैं अपने पैसों की दारू पीता हूॅ तेरे बाप की नहीं समझा। "

" मेरे बाप तो तुम ही हो बापू। " मैने कहा __" मैं ये नहीं कहता कि तुम दारू न पियों मगर रोज रोज पीना अच्छी बात नहीं है। इससे तुम्हारी तबियत ख़राब हो जाएगी। "

" अरे वो सब छोंड़। " बापू ने हाथ को ऊपर से नीचे की तरफ झटकते हुए कहा __" ये बता कि तू अपनी नई नवेली अम्मा से मिला कि नहीं ?"

" नई नवेली अम्मा ??" मैं एकदम से चकरा गया _" ये तुम क्या बोल रहे हो बापू ?"

" ठीक ही तो बोल रहा हूॅ बुड़बक। " बापू लड़खड़ा सा गया __" अरे आज मैं तुम सबके लिए एक नई अम्मा ले आया हूॅ। मैं जानता हूॅ कि अपनी अम्मा के मर जाने से तुम सब बहुत दुखी थे इस लिए मैने फिर से ब्याह कर लिया और तुम सबके लिए एक अम्मा ले आया। "

मैं बापू की बात सुन कर उछल पड़ा था। हैरत से ऑखें फाड़े नशे में झूमते बापू को देखे जा रहा था। किन्तु तभी मुझे एहसास हुआ कि लगता है बापू को दारू ज्यादा चढ़ गई है इस लिए अनाप शनाप बके जा रहा है।

" अंदर जाओ बापू। " फिर मैने कहा __" तुम्हें दारू आज ज्यादा चढ़ गई है। इस लिए अंदर जाओ और जो थोड़ा बहुत खाना खाना हो खाओ और आराम से सो जाओ। "

" तू साले मुझे बता रहा है कि मुझे चढ़ गई है ?" बापू एकदम से चीख पड़ा था , बोला __" अरे इतनी सी बार बराबर दारू मुझे नहीं चढ़ती मादर--- । मैं जो कह रहा हूॅ उसे मानता

क्यों नहीं ? चल आ मेरे साथ तुझे दिखाता हूँ कि अंदर तेरी नई अम्मा है कि नहीं। "

बापू मेरा हाथ पकड़ कर अंदर की तरफ खींच कर ले जाने लगा। मैं चाहता तो अपना हाथ एक झटके में उससे छुड़ा लेता मगर मैं कोई बखेड़ा नहीं करना चाहता था इस लिए उसके खींचने पर उसके पीछे पीछे अंदर की तरफ खिंचता चला गया। अंदर बरामदे में मेरे सभी भाई बहन बैठे थे। घर कच्चे मकान का था। बाहर से आने पर पहले बड़ा सा बरामदा पड़ता था, उसके बाद दो कमरे थे। जिसमे एक कमरे में सामान वगैरा रखा रहता था। जबकि दूसरा कमरा बापू का था। कमरे में जो लकड़ी का दरवाजा था उसमें अंदर की तरफ कुण्डी नहीं थी।

बापू मुझे खींचते हुए उसी कमरे की तरफ बढ़ा और झटके से कमरे का दरवाजा खोल कर अंदर दाखिल हो गया। जबकि मैंने तुरंत ही अपना हाथ छुड़ा लिया था। अंदर दाखिल होते ही बापू ऊँची आवाज़ में एक तरफ उँगली का इशारा करते हुए बोला__"ये देख शंकर, ये है तेरी नई अम्मा। अरे देख न बेटीठोक तुझे यकीन नहीं हो रहा था न। देख ये बैठी है तेरी अम्मा चारपाई पर।"

मैंने अंदर की तरफ सिर करके चारपाई की तरफ देखा तो चौंक पड़ा। सच में अंदर रखी चारपाई पर कोई औरत बैठी थी। नई साड़ी में बड़ा सा घूँघट किये थी वह। इस लिए मैं उसका चेहरा न देख सका। पर इतना काफी था मुझे हैरत में डालने के लिए। मैं उस औरत को देखने के बाद आश्चर्य से बापू की तरफ देखा। मुझे अपनी तरफ देखता देख बापू बड़े अजीब भाव से मुस्कुराया और फिर कमरे से बाहर बरामदे में आ गया।

" क्यों बापू ?" मैने भारी आवाज़ में कहा _" क्यों किया ऐसा ? हम कोई बच्चे तो नहीं थे जो हम अम्मा के बिरा जी नहीं सकते थे। तुम तो देख ही रहे हो बापू कि तुम्हारे बच्चे खुद अब ब्याह करने लायक हो गए हैं फिर खुद ब्याह करने की क्या ज़रूरत थी तुम्हें ?"

" ज़रूरत थी बेटवा। " बापू ने कहा __" बल्कि बहुत ज़रूरत थी मुझे। तेरी अम्मा तो मर गई मगर मेरी जवानी स्मानी ज़रूरतों को अब कौन पूरी करता ? वैसे तेरी अम्मा के रहते हुए भी कुछ नहीं होता था। अच्छा हुआ साली मर गई। मुझ पर और मेरे लिंग पर ज़रा सा भी तरस नहीं आता था उसे। जब भी उससे कहता कि आज बहुत दिल कर रहा है एक बार दे दो तो साली ऐसी बिदकती थी जैसे दुधारू गाय हो। "

" ये तुम क्या बकवास कर रहे हो बापू ?" मैने पूरी शक्ति से चीखते हुए कहा __" शर्म आनी चाहिए तुम्हें अपने बेटे के सामने उसकी अम्मा के लिए ऐसा बोलने पर। "

" इसमें शर्म कैसी बछुवा ?" बापू ढिठाई से मुस्कुराया __" जो सच बात है वही तो बोल रहा हूँ मैं। "

" मुझे नहीं सुनना तुम्हारी ये बेहूदा बातें। " मैने गुस्से से कहा और पलट कर बाहर की तरफ अपनी चारपाई के पास आ गया। मेरा दिमाग़ बहुत ज्यादा ख़राब हो गया था। मगर ये भी सच था कि अब हो भी क्या सकता था ?

मैं अपने अंदर हज़ारों तरह की बातें लिए चुपचाप चारपाई पर लेट गया। मुझे बापू पर बहुत गुस्सा आ रहा था। मगर मैं कुछ कर नहीं सकता था। इस लिए अपने गुस्से को बड़ी मुश्किल से काबू किये हुए ऑखें बंद करके सोने की कोशिश करने लगा था। मगर कम्बख्त ऑखों में नींद का दूर दूर तक कोई आभास भी नहीं हो रहा था।

अभी मुझे लेटे हुए कुछ ही देर हुई थी कि तभी अंदर से किसी औरत की चीख सुनाई दी। मेरी ऑखें खुल गईं मगर मैं उठा नहीं। मैं समझ चुका था कि बापू अपनी नई नवेली जोरू के पास ही होगा और उसके साथ वही कर रहा होगा जो हर शादी शुदा मर्द औरत करते हैं शादी के बाद। इस लिए मैं चुपोआप लेटा रहा। मैं इस बात से हैरान ज़रूर हुआ कि बापू को ज़रा भी शर्म नहीं है कि घर में उसके पॉ पॉच जवान बच्चे मौजूद हैं और वो कमरे से क्या सुना रहा है उन्हें।

मैं ये सब सोच ही रहा था कि एक बार फिर से मेरे कानों में औरत की चीख़ सुनाई दी साथ ही बापू की गालियॉ भी। किन्तु इस बार मैं चीख़ सुन कर बुरी तरह उछल पड़ा था। क्योंकि चीख़ में शामिल मेरा नाम था। उस आवाज़ को मैं लाखों में पहचान सकता था। ये चंदा की चीख़ थी। जी हॉ, ये चंदा ही थी। मगर मैं चकित इस बात पर था कि वो यहॉ कैसे? अभी मैं ये सब सोच ही रहा था कि एक बार फिर से ज़ोरदार चीख़ मेरे कानों पर पड़ी। इस बार मुझे स्पष्ट सुनाई दिया और मुझे बिलकुल भी संदेह न हुआ। ये यकीनन चंदा ही थी, मेरी चंदा। ये जान कर कि वो चीख़ मेरी चंदा की ही है मैं एकदम से पागल सा हो गया और चारपाई से उतर कर बिजली की सी तेज़ी से अंदर की तरफ भागा। पलक झपकते ही मैं बरामदे में पहुॅच गया।

मेरी नज़र कमरे के दरवाजे के पास खड़े मेरे मॅझले भाई जगन पर पड़ी। वो अधखुले दरवाजे से कमरे के अंदर की तरफ देख रहा था। ये देख कर मेरा खून खौल गया। मुझे लगा कि वो अंदर वो सब देख रहा है जो कदाचित मेरा बापू मेरी चंदा के साथ करने की कोशिश कर रहा होगा। मैं भला ये कैसे बर्दाश्त कर सकता था? मैने देखा कि बरामदे के दाहिनी तरफ मेरी दोनो बहने यानी रीना तथा मीना ज़मीन पर ही एक पुराना चद्दर बिछा कर लेटी हुई थी और उनके बगल से ही मेरा छोटा भाई मदन लेटा हुआ था। बरामदे के बाईं तरफ कोने में रसोई थी।

जगन को इस तरह चोरी छुपे अंदर की तरफ देखते हुए देख कर मैं तेज़ी से उसकी तरफ बढ़ा और पीछे से ही उसकी शर्ट का कालर पकड़ कर अपनी तरफ खींचा और फिर उसे पलटा कर एक झन्नाटेदार थप्पड़ उसके गाल पर रसीद कर दिया। उसको इस सबकी उम्मींद हर्गिज़ भी न थी। इधर मैं इतने पर ही न रुका था, बल्कि उसको पकड़ कर पूरी शक्ति से एक तरफ उछाल दिया। वो लड़खड़ाता हुआ दीवार से टकराया और नीचे गिर गया। तभी मेरे कानों में चंदा की चीख़ फिर से पड़ी। मेरा ध्यान उस तरफ गया तो मैं जगन की तरफ न जा कर पलटा और तेज़ी से कमरे के अंदर की तरफ दौड़ गया।

कमरे के अंदर का नज़ारा देख कर मैं गुस्से से पागल हो गया। मेरा बापू चंदा के ऊपर चढ़ा हुआ उसका ब्लाऊज फाड़ रहा था। नशे की हालत में उसे ज़रा भी होश नहीं था कि वो क्या कर रहा है? बापू के नीचे दबी चंदा बुरी तरह छटपटाए जा रही थी और चीखे जा रही थी। ये

सब देख कर मैं उस तरफ बिजली की सी तेज़ी से लपका और फिर मैने बापू को पीछे से पकड़ कर पूरी ताकत से अपनी तरफ खींचा और फिर कमरे के फर्श पर लगभग फेंक दिया। बापू नशे में लड़खड़ाता ज़मीन पर लुढ़कता चला गया था।

" तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरी चंदा को इस तरह हाथ लगाने की ?" मैने गुस्से से चीखते हुए झुका और बापू को दोनो हाथो से पकड़ कर उठा लिया __" तू इतना गिर गया है कि तुझे ये भी होश नहीं आया कि तू किसके साथ ये नीचता कर रहा है ?"

" अबे छोंड़ मादर---। " बापू नशे में ज़ोर से चिल्लाया _" मुझे अपनी नई नवेली मेहरिया के साथ सुहागरात मना लेने दे। साला कैसा बेटा है तू कि अपने बाप को उसकी बासु रू के पास भी नहीं जाने देता ?"

" ज़ुबान को लगाम दे बापू। " मैने बापू के कालर को पकड़ कर उसे झकझोरते हुए कहा __" वरना यहीं पर ज़िंदा गाड़ दूँगा तुझे। तुझे पता था न कि मैं चंदा को पसंद करता हूँ और उसी से शादी करना चाहता हूँ इसके बावजूद तूने मेरी चंदा से ब्याह कर लिया। ऐसा क्यों किया बापू ? चंदा तो तेरी अपनी बेटी के समान ही थी फिर क्यों उससे ब्याह किया तूने ? तुझे अपने इस बेटे की खुशियों का ज़रा भी ख़याल नहीं आया ?"

" बकवास ना कर हरामखोर। " बापू मुझसे छूटने की कोशिश करते हुए चीखा __" वो तेरी अम्मा है समझे। बार बार मेरी चंदा मेरी चंदा की रट क्यों लगा रहा है तू ?"

" क्योंकि चंदा मेरी ही थी बापू। " मैने चीखा __" मैं उससे प्रेम करता था और करता रहूँगा। तू भी तो जानता था ये सब। फिर क्यों उससे ब्याह रचाया तूने ? क्यों अपने बेटे का गर बसने से पहले ही उजाड़ दिया तूने ? अरे तुझे अपना ब्याह ही करना था तो किसी दूसरी लड़की से कर लेता बापू। चंदा से ब्याह करके तूने मेरी खुशियों का गला क्यों घोंट दिया ?"

" अरे मुझे कुछ नहीं पता था इस बारे में। " बापू ने कहा _" और फिर अगर तू चंदा को पसंद ही करता था और उससे ब्याह ही करना चाहता था तो तुझे बताना चाहिये था न। पर तूने तो कभी बताया ही नहीं। अब अगर मैने उससे ब्याह कर लिया तो इसमे मेरी क्या ग़लती है ?"

" सारी ग़लती है तेरी। " मैं पूरी शक्ति से चीखा __" तूने चंदा से उसकी मर्ज़ी के बिना ब्याह किया है। ये बात मैं अच्छी तरह जानता हूँ। तूने चंदा के बाप को पैसों का लालच दिया होगा। तभी चंदा के बाप ने अपनी बेटी का ब्याह तुझसे किया होगा। उस कसाई को भी अपनी बेटी की खुशियों से कोई लेना देना नहीं था। तभी तो आँख बंद करके उसने एक बूढ़े से अपनी कम उमर बेटी का ब्याह कर दिया। मुझे पता है कि चंदा इस ब्याह हे खुश नहीं है। अगर खुश होती तो वो इस तरह चीखती नहीं। "

" अरे शुरू शरु में हर औरत थोड़ा बहुत चीखती है उर घबराती है। " बापू ने कहा __" मगर जब एक बार लिंग अंदर गया तो सारी घबराहट और सारा चीखना बंद हो जाता है। वही तो

करने जा रहा था मैं। मगर ससुरी ज्यादा ही उछल रही थी। लेकिन कोई बात नहीं , सुहागरात तो मैं मना के ही रहूँगा। "

